BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... Date:..........................

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
COMPILED BY MEDIA CELL (25.12.2024)

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 25.12.2024, PAGE-04

छह विषयों में मिले 217 से अधिक शिक्षक, बीआरएबीयू में नई रिसर्च पालिसी हुई लागू

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने इस वर्ष कई उपलब्धियां अपने नाम की हैं। शैक्षणिक व शोध की गुणवत्ता स्थापित करने के लिए तीन दर्जन से अधिक संस्थानों से एमओयू किया है। साथ ही छह विषयों में 217 से अधिक नियमित शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। विश्वविद्यालय में नई रिसर्च पालिसी लागू की गई है। 17 वर्षों के बाद ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। वहीं इस वर्ष पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर यूथ फेस्टिवल में बिहार विश्वविद्यालय की टीम को चार पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। चार वर्षीय स्नातक कोर्स में इस सत्र में 1.60 लाख छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ है।

1.60 लाख विद्यार्थियों का चार वर्षिय स्नातक कोर्स में हुआ नामांकन

12 वर्षों के बाद सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों का हुआ चुनाव

12 वर्षों के बाद सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ। पहली बार विश्वविद्यालय को चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी मिली। पैट 2022 का आयोजन किया गया। गेस्ट शिक्षकों का रिन्युअल हुआ। उनके लिए रिसर्च जर्नल का प्रकाशन अनिवार्य किया गया। पीजी विभागों में शिक्षकों का ट्रांसफर किया गया और डिजीलाकर पर सर्टिफिकेट अपलोड करने की प्रक्रिया शुरू हो गई।

इन विषयों में आए नए शिक्षक

अर्थशास्त्र	52	उर्दू	11
दर्शनशास्त्र	28	गणित	40
बांग्ला	03	मनोविज्ञान	83

ये चुनौतियां अभी बरकरार

- समय पर परीक्षा और परिणाम जारी करना अभी चुनौतीपूर्ण
- अभी पीजी का सत्र एक वर्ष विलंब से चल रहा है।
- चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत सेमेस्टर परीक्षाओं का ससमय संचालन
- सेमेस्टर सिस्टम के लिए कई विषयों में नोडल विभाग तय नहीं
- पेंडिंग रिजल्ट की समस्या पर काबू पाना
- विभिन्न कोर्स के लिए कालेजों में फीस की एकरूपता लागू करना
- समय पर छात्रों के लिए डिग्री जारी करना
- नैक मूल्यांकन कराना
- सभी छात्रों का अपार कार्ड बनाकर उसमें क्रेडिट अपलोड करना

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:..................... **Date:...........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE : 25.12.2024, PAGE-04

'शोध गंगा' पर सबसे अधिक थीसिस को किया अपलोड

- विवि ने गुणवत्तापूर्ण शोध को लेकर बनायी रिसर्च पॉलिसी, नैड, एबीसी व अपार आइडी पर भी रहा जोर
- दूरस्थ शिक्षा निदेशालय हुआ बंद, 17 वर्ष बाद विवि को मिली इस्ट जोन अंतर विवि चैंपियनशिप की मेजबानी

एमआइटी को राष्ट्रीय स्तर पर मिली कामयाबी

तकनीकी शिक्षा मे जिले के इकलौते इंजीनियरिंग कॉलेज एमआइटी के सिविल ब्रांच से (एनबीए) की मान्यता छिन गयी . बीते वर्षों मे एमआइटी को एनबीए से मान्यता मिली थी, लेकिन इस वर्ष छिन जाने से कॉलेज को बड़ा झटका लगा . वर्ष के अंत मे कॉलेज के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर हैकथॉन मे जीत दर्ज कर कॉलेज और अपने नाम बड़ी उपलब्धि हासिल की . एमआइटी पांचवी बार राष्ट्रीय स्तर पर हैकथॉन मे विजेता बना .

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू और इससे जुड़े कॉलेजों समेत उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष 2024 में कई उपलब्धियां रहीं. वहीं कई ऐसे कार्य जिसे इस वर्ष पूरा होने की उम्मीद थी. विश्वविद्यालय की लेटलतीफी के कारण वह अधूरा रह गया. विश्वविद्यालय में नये कुलपति के आने के बाद उम्मीद जगी थी कि इस वर्ष नैक मूल्यांकन का कार्य हो जाएगा, लेकिन शुरू में तेजी से कार्य होने के बाद बाद में विवि पिछड़ गया. विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शोध और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए पहल की गयी. पीजी विभागों में शिक्षकों के रिक्त पड़े सीटों को कई वर्षों के बाद भरा गया. वहीं पीएचडी के लिए विश्वविद्यालय ने नयी पॉलिसी लागू की. विवि ने नैक मूल्यांकन की तैयारियों के क्रम में दो दर्जन से अधिक विश्वविद्यालयों के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया. इसमें कई केंद्रीय विश्वविद्यालय और विदेश के संस्थानों का नाम शामिल है. करीब 17 वर्षों के इंतजार के बाद विवि को इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी मिल रही है. रिसर्च के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि भी हासिल की. बिहार में सबसे अधिक और देश भर में सबसे अधिक थीसिस शोध गंगा पर अपलोड करने में विवि चौथे स्थान पर रहा.प्रदेश भर में सबसे अधिक छात्र-छात्राओं का प्रोविजनल प्रमाणपत्र पोर्टल पर भी अपडेट हुआ है.